अति तत्काल

सं0 55/1/1/90-मंत्रि0·
भारत सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली 23 अप्रैल, 1990
3 वैशाख, 1912 (शक)

.....

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 23 अप्रैल, 1990 से -

(i) प्रधान मंत्री, रक्षा, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा, इलैक्ट्रानिकी, महासागर विकास, अन्तरिक्ष मंत्रालयों/विभागों तथा उन सभी विषयों के भी प्रभारी होंगे जो मंत्रिमंडल के किसी अन्य सदस्य अथवा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को आबंटित नहीं किए गए हैं ।

(ii) श्री नीलमणि राउतराय ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री का पदभार त्याग दिया है तथा पर्यावरण एवं वन मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

(iii) श्री के0पी0 उन्नीकृष्णन् ने संचार मंत्री का अतिरिक्त पदभार त्याग दिया है ।

(iv) श्री जनेश्वर मिश्र ने संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पदभार संभाल लिया है ।

(v) श्री रशीद मसूद ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पदभार संभाल लिया है ।

(vi) प्रो0 एम0जी0के0 मेनन ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री का अतिरिक्त कार्यभार त्याग दिया है ।

(vii) श्री चिमनभाई मेहता ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

"अरोड़ा"
300 प्रतियां

§viii§ श्री भजमन बेहेरा ने पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§ix§ श्री हरिकिशोर सिंह ने विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§x§ श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा ने कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xi§ श्री सुबोध कान्त सहाय ने गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xii§ श्री सत्यपाल मलिक ने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है।

§xiii§ श्रीमती मेनका गांधी ने कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त पदभार त्याग दिया है ।

§xiv§ श्री भागेय गोवर्धन ने योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xv§ श्री नितिश कुमार ने कृषि मंत्रालय में कृषि एवं सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xvi§ श्री श्रीकान्त जेना ने उद्योग मंत्रालय में लघु उद्योग एवं कृषि और ग्रामीण उद्योग विभाग में राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xvii§ श्री अजय सिंह ने रेल मंत्रालय में उप मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xviii§ श्रीमती उषा सिंह ने कल्याण मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग में उप मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

"अरोड़ा"

300 प्रतियां

§xix§ श्री अनिल शास्त्री ने वित्त मंत्रालय में उप मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xx§ श्री भक्त चरण दास ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा मामले एवं खेलकूद विभाग में उप मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

§xxi§ श्री जगदीप धनखड़ ने संसदीय कार्य मंत्रालय में उप मंत्री का पदभार संभाल लिया है ।

वी. आर. श्रीनिवासन
§वी0आर0 श्रीनिवासन्§
कृते मंत्रिमंडल सचिव
दूरभाष : 301 5802

सेवा में,

मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्य ।

...

प्रतिलिपि, योजना आयोग के उपाध्यक्ष/योजना आयोग के सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित ।

वी. आर. श्रीनिवासन
§वी0आर0 श्रीनिवासन्§
कृते मंत्रिमंडल सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित :-
राष्ट्रपति के सचिव ।
उपराष्ट्रपति के सचिव ।

....

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषित :-
प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव ।
प्रधान मंत्री के विशेष सचिव §श्री मनटेक सिंह आहलुवालिया§
प्रधान मंत्री के अपर सचिव §श्री के0आर0 वेणुगोपाल§

वी. आर. श्रीनिवासन
§वी0आर0 श्रीनिवासन्§
उप सचिव, मंत्रिमंडल

"अरोड़ा"

300 प्रतियां

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी सचिवों/विशेष सचिवों/अपर सचिवों/अध्यक्ष रेलवे बोर्ड/सचिव, निर्वाचन आयोग/सचिव, संघ लोक सेवा आयोग/भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक/लेखा अधिकारी, वेतन और लेखा कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय को सूचनार्थ प्रेषित।

वी० आर० श्रीनिवासन

§वी०आर० श्रीनिवासन्§
उप सचिव, मंत्रिमंडल

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/लोक सभा सचिवालय §प्रश्न शाखा§/राज्य सभा सचिवालय §प्रश्न शाखा§/स्थापना अधिकारी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग/विदेश मंत्रालय §प्रोटोकाल डिवीजन§/पत्र सूचना कार्यालय/अनुभाग अधिकारी, एन०जी०ओ० अनुभाग, प्रधान मंत्री कार्यालय को भी सूचनार्थ प्रेषित ।

वी० आर० श्रीनिवासन

§वी०आर० श्रीनिवासन्§
उप सचिव, मंत्रिमंडल

"अरोड़ा"

300 प्रतियां